उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

**संख्या :- 31 /03/कम्प्यू.अनु.-(बारह)/2019/27-परीक्षा/2016(II)**

लखनऊः दिनांक- 19 अक्टूबर, 2020

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-27-परीक्षा/2016 द्वारा सम्मिलित आशुलिपिक (सा0च0) -प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II)के अंतर्गत विज्ञापित विभिन्न विभागों में आशुलिपिक के 352 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु सम्पन्न लिखित परीक्षा, द्वितीय चरण की हिन्दी आशुलेखन एवं टंकण परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के परिणाम से संबन्धित सूचना संख्या-26 /03/कम्प्यू.अनु.-(बारह)/2019/27-परीक्षा/2016(II), दिनांक-09-09-2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

आयोग की उक्त सूचना दिनांक-09-09-2020 के क्रम में साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये समस्त 705 अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनका साक्षात्कार **दिनांक 03-11-2020 से 20-11-2020** तक **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में निम्नलिखित सारणी में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जायेगा-

| साक्षात्कार कार्यक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | तिथि | प्रथम पाली में रिपोर्टिंग का समय | प्रथम पाली में अभ्यर्थियों की संख्या | द्वितीय पाली में रिपोर्टिंग का समय | द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों की संख्या | अभ्यर्थियों की कुल संख्या |
| 1 | 03-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 2 | 04-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 3 | 05-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 4 | 06-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 5 | 07-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 6 | 09-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 7 | 10-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 8 | 18-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 9 | 19-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 36 | 72 |
| 10 | 20-11-2020 | 10:00 AM | 36 | 01:00 PM | 21 | 57 |
| कुल | | | | | | **705** |

3- उपर्युक्त परिणाम दिनांक-09-09-2020 के अंतर्गत विदहेल्ड अभ्यर्थी अनुक्रमांक-00003658 (अन्य पिछड़ा वर्ग) के संबन्ध में मा0 सदस्य की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट की छायाप्रति से यह स्पष्ट है कि विदहेल्ड अभ्यर्थी को आशुलेखन का ज्ञान न होने के कारण आशुलिपिक पद हेतु इन्हें उपयुक्त नहीं पाया गया है। इस आख्या से स्पष्ट है कि उक्त अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपयुक्त नहीं है।

4- प्रश्नगत साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थी पहले अपनी श्रेणी यथा- अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अनुसार क्रमशः रु० 60, 60, 20 तथा 20 (अनारक्षित व ओ०बी०सी०-60 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-20 रू०) ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करें। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकेगा। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध **Examination/Interview Segment** के अंतर्गत **Download**

**Interview Letter** पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व जेन्डर भर कर **Download Interview Letter** क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

5- साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखादि का परीक्षण नहीं हुआ है। साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखादि का परीक्षण किया जायेगा। अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखादि की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही साक्षात्कार पत्र के साथ डाउनलोड किये गये अन्य 04 प्रपत्रों को प्रिन्ट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

6- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित पदों के संबन्ध में सूचना के साथ संलग्न विभागों के आवंटन हेतु वरीयता प्रपत्र भरकर जमा करना होगा, आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की मेरिट व वरीयता को देखते हुए विभाग आवंटन के संबन्ध में निर्णय लिया जाएगा, जो अभ्यर्थी को स्वीकार्य होगा। उक्त के अतिरिक्त साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने साथ सूचना के साथ संलग्न स्वघोषणा पत्रक भरकर अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करें।

7- अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं पाली पर साक्षात्कार हेतु आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई अभ्यर्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हो पा रहा है अथवा अभ्यर्थी कोविड-19 पॉजिटिव है, तो वह अपना प्रार्थना पत्र साक्ष्य/कारण को संलग्न करते हुए आयोग के ई-मेल upsssc2014@gmail.com पर भेज सकता है और ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 26-11-2020 को पूर्वाह्न 10 बजे आहूत किया जाएगा, जिसके लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी अतः ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उनके साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि 26-11-2020 को पूर्वाह्न 10 बजे प्रत्येक दशा में आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नक- यथोपरि।

19.10.2020

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)

सचिव।

विभागों हेतु वरीयता का प्रपत्र

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**

**रजिस्ट्रेशन नंबर–** ____________ **रोल नंबर–** ____________

**नाम–** ____________ **जन्म तिथि–** ____________

आयोग के विज्ञापन संख्या–27–परीक्षा/2016 द्वारा सम्मिलित आशुलिपिक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2016 (।।) के अन्तर्गत आशुलिपिक के कुल 352 पदों पर चयन हेतु वांछित वरीयता नीचे दिये गये विभागों के सामने वरीयता क्रम के कालम में स्वेच्छानुसार भरें:–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | वरीयता क्रम* | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दों में |
| 1. | प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0। | आशुलिपिक | 242 | | |
| 2. | निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर (राजकीय पालीटेक्निक संस्थान हेतु)। | आशुलिपिक | 71 | | |
| 3. | निदेशक, प्रशिक्षण प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, कालाकांकर भवन, लखनऊ। | आशुलिपिक | 01 | | |
| 4. | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0, पुलिस आवास निगम लि0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 02 | | |
| 5. | महानिदेशक, राज्य नियोजन, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, योजना भवन, लखनऊ। | आशुलिपिक | 05 | | |
| 6. | महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 01 | | |
| 7. | सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 01 | | |
| 8. | प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 04 | | |
| 9. | नियन्त्रक विधिक माप विज्ञान, उ0प्र0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 01 | | |
| 10. | निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 02 | | |
| 11. | सचिव, उ0प्र0, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग, लखनऊ। | आशुलिपिक | 02 | | |
| 12. | श्रमायुक्त, उ0प्र0, कानपुर (क्षेत्रीय कार्यालय हेतु)। | आशुलिपिक | 13 | | |
| 13. | अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ। | आशुलिपिक | 01 | | |
| 14. | अध्यक्ष एवं प्रशासक, शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास एवं जल प्रबन्धन परियोजना, लखनऊ। | आशुलिपिक | 06 | | |

***कोई भी कालम रिक्त न रखें।**

**दिनांक–** **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर–**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।
विज्ञापन संख्या–27–परीक्षा/2016,
सम्मिलित आशुलिपिक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2016 (II)

## स्व घोषणा–पत्र

अनुक्रमांक– ..................................................

अभिलेख सत्यापन तिथि– .......................................

01–मैंने अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड/अपडेट किया है।

02–मेरे द्वारा आरोग्य सेतु एप्प में सही–सही विवरण के साथ स्व मूल्यांकन किया गया है तथा आरोग्य सेतु एप्प के अनुसार मैं सुरक्षित/लो रिस्क/हाई रिस्क* की श्रेणी में हूँ।

03–मैं मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहा हूँ और मेरे पास पानी की बोतल है।

04–मैं खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, गंध या स्वाद की हानि जैसे लक्षण का अनुभव नहीं कर रहा हूँ।

05–मैं आयोग परिसर/कार्यालय में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र–तत्र थूकूँगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर...................................

पंजीकरण संख्या.........................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए–

01–परीक्षण की तिथि ....................................... व समय ..............................

02–अभ्यर्थी के शरीर का तापमान–..............................

03–अभ्यर्थी का ऑक्सीजन स्तर–...............................

हस्ताक्षर...........................................................

नाम प्रभारी ......................................................

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क

टेबल सं0

| |
|---|
| |